## भोपाल से कोयलांचल पहुंचे प्रभारी मंत्री, परिजनों को दी सांत्वना

# बच्चों के परिजनों को दिलासा देकर गए प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



किडनी फेलियर से मरने वाले बच्चों के परिजन एक ओर जहां अपना दुख बिसराने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर परिजनों को दिलासा देने का सिलसिला लगातार जारी है, प्रदेश के मुखिया सहित कांग्रेस के दिग्गज नेता, अन्य राजनैतिक दलों के नेता पीड़ति परिजनों के घर पहुंच रहे हैं। गुरुवार को छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह बेलगांव, न्यूटन, उमरेठ और गायगोहान पहुंचे और परिजनों को दिलासा दिया।

छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिंह भोपाल से बाई रोड किडनी फेलियर से मरने वाले पीड़ति परिजनों से मिलने परासिया आए। वे सबसे पहले बेलगांव में पीड़ति परिजनों से मिले उसके बाद न्यूटन में मृतक अदनान के घर पहुंचे। यहां परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। मृतक के पिता अमीन खान ने अपने स्थाई रोजगार की बात रखी। वहीं कुछ लोगों ने सिविल अस्पताल में श्री फेज बिजली कनेक्शन करवाने की मांग रखी। श्री सिंह उमरेठ में मृतक हेतांश सोनी के घर पहुंचे। उसके बाद गायगोहान पहुंचे। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, विधायक कमलेश शाह, परासिया पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया, परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

### उमरेठ को नगर परिषद बनाने की मांग

प्रभारी मंत्री के उमरेठ पहुंचने पर उमरेठ मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद कुमरे ने श्री सिंह को पत्र सौंपा जिसमें उमरेठ को नगर परिषद बनाने की मांग रखी गई। श्री कुमरे ने कहा, कि उमरेठ की जनसंख्या 8 हजार के लगभग है, आसपास गाजनडोह, शीलादेही, बीजकवाड़ा आदि पंचायत है, जिन्हें सम्मिलित कर उमरेठ को नगर परिषद बनाया जा सकता है।

### सिर्फ दिलासे से क्या होगा

इधर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कमल राय और नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधा है। उनका कहना है, कि पीड़तिों के घर जाकर उन्हें सांत्वना देना, दिलासा देना अच्छी बात है, लेकिन सरकार में बैठे मंत्रियों और नेताओं को अपना दिल बड़ा कर पीड़तिों को आर्थिक मदद भी करनी चाहिए।

## सरकार पीड़ितों की हर संभव मदद करेगी: सिंह

**छिंदवाड़ा।** जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह अपने एक दिवसीय प्रवास पर छिंदवाड़ा पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ तामिया पहुंचकर प्रभारी मंत्री राकेश सिंह का स्वागत किया। प्रभारी मंत्री राकेश सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ कफ सिरप के पीड़ितों से मिलने उनके घर पहुंचे। प्रभारी मंत्री द्वारा सर्वप्रथम बेलगांव में डेहरिया परिवार के निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त कर ढांढस बंधाया जिसके उपरान्त न्यूटन, परासिया में पीड़ितों से मुलाकात करते हुए उमरेठ पहुंचकर सोनी परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त कर ढांढस बंधाया। पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान शोक व्यक्त करते हुए प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि बच्चे घर की रौनक होते हैं और इन बच्चों के साथ रौनक चली गई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सिरप कांड के किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा।



उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ितों की हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि "बच्चों की असामयिक मृत्यु अत्यंत दुःखद है, प्रदेश सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ है। दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी और ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए सभी स्तरों पर सतर्कता बरती जाएगी।" इस अवसर पर प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह के साथ पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, लखन वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री विजय पांडे, कमलेश उइके, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, योगेंद्र राणा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, जिला कार्यालय मंत्री भरत घई, दिन्शु यादव, विजेन्द्र चौहान, मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी, रामप्रसाद कुमरे, देवीलाल पाल, दयाराम इरपाची, जनपद अध्यक्ष तामिया श्रीमती तुलसा परतेती, आशीष ठाकुर, शंटी बेदी, अलकेश साव, प्रमोद शर्मा, लोकेश डेहरिया, पीयूष बत्रा, अंकित जैन, कुबेर सूर्यवंशी, राकेश माईकल पहाड़े, कृपाशंकर सूर्यवंशी, विवेक बंटी राय, जुगल यादव, शैलेन्द्र मालवी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दोबारा ऐसी दुखद घटना ना घटे, सभी सजग व सक्रिय रहकर पूरी जिम्मेदारी से काम करें: प्रभारी मंत्री

जिले में कफ सिरप से मासूमों की मृत्यु की दुखद घटना होने पर प्रभावित परिवारों के दुःख में शामिल होने बीते दिनों मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव छिंदवाड़ा पहुंचे थे और जिला प्रशासन, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विभिन्न आवश्यक कार्यवाहियों के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए थे। उनके निर्देशों के परिपालन में जिले में अभी तक क्या - क्या कार्यवाहियां की गई हैं, उनकी समीक्षा के लिए प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह आज छिंदवाड़ा पहुंचे। बैठक के पूर्व उन्होंने परासिया क्षेत्र में पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत की गई राशि उनके खाते में पहुंच चुकी है या नहीं इसकी जानकारी भी प्राप्त की। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कफ सिरप प्रकरण में जिले में अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने बताया कि मुख्यमंत्रीजी के निर्देशों के पालन में त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व के सभी मृत्यु प्रकरणों में मुख्यमंत्री सहायता कोष से 4 - 4 लाख रुपए की राशि परिजनों के खाते में पहुंच चुकी है। शेष में कार्यवाही प्रचलन में है। मुख्यमंत्रीजी के छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान दिए गए निर्देशानुसार नागपुर में उपचाररत बच्चों के इलाज के लिए 1 - 1 लाख रूपये की राशि उसी समय स्वीकृत कर दी गई थी, इलाज की शेष राशि का भुगतान भी परिजनों को नहीं करना पड़ा, जिला प्रशासन द्वारा सीधे संबंधित अस्पताल से बिल लेकर भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। ऐसे प्रकरणों में भी जिनमें बच्चों के इलाज में पूर्व में व्यय हो चुका था, उस राशि के भुगतान के लिए भी परिजनों से संपर्क किया गया है और बिल प्राप्त कर लिए गए हैं। जिनके पास पूरे बिल नहीं हैं, ऐसे प्रकरणों में भी संबंधित अस्पताल से समन्वय कर बिल प्राप्त कर भुगतान की कार्यवाही के प्रयास किए जा रहे हैं।




# रजोला के ग्रामीणों ने ली उल्टी दस्त से राहत की सांस

## पिछले तीन दिनों से स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम है तैनात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

गुरुवार को देर रात तक रजोला में कोई नया उल्टी दस्त का मरीज नही मिला जिससे ग्रामीणों ने राहत की सास ली। वही पिछले तीन दिनों से अमरवाड़ा एसडीएम सहित स्वास्थ्य विभाग पीएचई पुलिस के अधिकारियों ने ग्राम में डेरा डाला हुआ था और उल्टी दस्त से पीड़ित मरीजों को तुरंत उपचार दिया गया जिससे संक्रमित मरीजों लगातार मिल रहा। वही ग्रामीणों ने बताया की शासन प्रशासन द्वारा दूषित पानी के स्त्रोतों को बंद कर बोर का पानी नई पानी टंकी के माध्यम से पूरे गांव में सप्लाई किया गया है तथा डायरिया के मरीज अब सामान्य स्थिति में देखे जा रहे है। इस दौरान कई ग्रामीणों ने भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव विधायक कुंवर कमलेश शाह और जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग का आभार माना।

### सीईओ के द्वारा कई महीनों से ग्राम पंचायत में स्थाई सचिवों की न्युक्ति नही की गई

क चौकाने वाली बात सामने आई जनपत पंचायत सीईओ के द्वारा कई महीनों से ग्राम पंचायत रजोला में स्थाई सचिवों की न्युक्ति नही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव और रोजगार सचिव अन्य पंचायतों में कार्यरत को यहां पर अतिरिक्त प्रभार दिया गया था जिस करण पंचायत में भारी लापरवाही के चलते डायरिया जैसी गंभीर बीमारी फैली और लोगो की जान में बन आई। इस बात का खुलासा भाजपा जिला अध्यक्ष शेष राव यादव और अमरवाड़ा विधायक कुंवर कमलेश शाह के सामने ग्रामीणों ने किया जिसके बाद सीईओ अमरवाड़ा को विधायक ने लापरवाही को लेकर जमकर नाराजगी दिखाई और स्थाई सचिवों की न्युक्ति करने के निर्देश दिए है गौरतलब है की पूर्व में भी जनपत पंचायत सीईओ जयदेव शर्मा की कार्यप्रणाली को लेकर ब्लाक सरपंच संघ ने विधायक से शिकायत की थी। वही बताया जा रहा है की जनप्रतिनिधियों ने इस मामले में उचित कार्यवाही की बात कही है।

### इनका कहना है

नए उल्टी दस्त के मरीज आज नही निकले जिन्हे डायरिया की शिकायत थी वह सामान्य है। फिलहाल अब व्यवस्था सिंगोड़ी अस्पताल में बनाई जाएगी।

करुष ठाकुर
बीएमओ अमरवाड़ा

# कलेक्टर कार्यालय स्थल के मुद्दे पर पांढुर्ना भाजपा नेता बने मौनी बाबा

**पांढुर्ना।** बीते कुछ दिनों से अमरावती रोड पर प्रस्तावित पांढुर्ना जिला कलेक्टर कार्यालय के स्थल चयन को लेकर नगर में खुलेआम विरोध जारी है। अब तक तहसील अधिवक्ता संघ, हम फाउंडेशन तथा कांग्रेस ने कलेक्टर महोदय से भेंट कर उन्हें अपनी असहमति और विरोध दर्ज कराने बाबत ज्ञापन दिया है। आनेवाले दिनों में शहर कुछ अन्य संस्थाएं भी कलेक्टर कार्यालय को कृषि उपज मंडी परिसर के आस पास बनाए जाने को लेकर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपने जा रही है। पांढुर्ना, सौंसर और नांदनवाडी में कलेक्टर कार्यालय स्थल चयन को लेकर जगह जगह चर्चाओं का दौर जारी है।

## भाजपाईयों की चर्चा गली-गली

कलेक्टर कार्यालय जैसे लोकहित से जुडे मुद्दे पर पांढुर्ना भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी, पार्षद तथा भाजपा कार्यकर्तागण पूरी तरह से मौनीबाबा बने हुए है। शहरवासियों को समझ नहीं आ रहा है कि जनता से जुडे मुद्दों को उठाने में और जनसमस्याओं के निराकरण में हमेशा आगे बढकर आवाज उठाने वाले भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को क्यों सांप सूंघ गया है? पांढुर्ना के 30 वार्ड के नागरिक पिछले लगभग 15 साल से देखते आ रहे है कि यहां के भाजपाई लोकहित के मामले में कभी पीछे नहीं रहते बल्कि आमजनता की बडी और छोटी दोनों प्रकार की समस्याओं को सुलझाने के लिए जुटे रहते है। हालांकि अधिकांश भाजपाई मान रहे है कि जनता द्वारा उठाया गया मुद्दा अपनी जगह बिलकुल सही है। अब धीरे धीरे शहर में भाजपा प्रतिनिधियों के मौनीबाबा बनकर जिम्मेदारी से पीछे हटने को लेकर भी गली-गली चर्चा होने लगी है।

# नगर में बाल स्वयंसेवक पथ संचलन संपन्न

## पूर्ण उत्साह के साथ नगर में निकला बच्चों का संचलन जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, छिंदवाड़ा नगर द्वारा पोला ग्राउंड (दशहरा मैदान) में नगर स्तर पर बाल स्वयंसेवकों के विशाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 236 बाल स्वयंसेवकों ने अनुशासित एवं प्रभावी पथ संचलन किया। संचलन पोला ग्राउंड (दशहरा)मैदान से प्रारंभ होकर पंकज प्लाजा,छत्रपति शिवाजी चौक, जिला अस्पताल, अनगढ़ हनुमान मंदिर,फव्वारा चौक, कोतवाली होते हुए पुनः पोला ग्राउंड (दशहरा मैदान) में आकर संपन्न हुआ। सामाजिक नागरिकों,व्यापारियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा संचलन में शामिल बाल स्वयंसेवकों का विशाल मानव श्रृंखला बनाकर, पुष्प वर्षा, आतिशबाजी व देशभक्ति नारों के साथ संचलन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में छिंदवाड़ा विभाग के बौद्धिक प्रमुख देवेंद्र अमूल पवार उद्बोधन हुआ।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की बाल स्वयंसेवक की संघ की प्राणवायु है जो देश और समाज के प्रति समर्पित रहते हैं बचपन से ही संघ की शाखा से जुड़ने वाले स्वयंसेवक देशहित की भावना से ओत प्रोत होकर अजीवन राष्ट्र सेवा करते हैं उन्होंने कहा कि 100 वर्ष से निरंतर देश हित के लिए कार्य करने वाले स्वयंसेवकों का निर्माण का आधार बाल स्वयंसेवक ही हैं उनमे राष्ट्र प्रथम की भावना से निरंतर सेवा कार्य कर रहा है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष पूर्ण उत्साह के साथ पूरे देश में मनाया जा रहा है उन्होंने कहा की संघ पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी के महत्व तथा अनुशासन पर प्रेरक विचार रखे। उन्होंने आगे डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के बाल्यकाल का अत्यंत प्रेरक चित्रण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 1889 को जन्मे इस बालक ने अल्पायु में ही माता-पिता को खो दिया, परंतु कठिन परिस्थितियों में भी राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को सर्वोपरि रखा।

# ट्रैक्टर के उड़े परखच्चे, तीन किसानों ने मौके पर तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल देर रात नागपुर हाइवे पर हिवरा फोरलेन पर हुए दर्दनाक सडक हादसे में सीमावर्ती महाराष्ट्र के ग्राम खुर्सापार के 3 किसानों ने मौके पर दम तोड दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खुर्सापार निवासी ट्रेक्टर मालिक विवेक कुबडे बुधवार को वाहन की मरम्मत के उद्देश्य से पांढुर्ना आए थे। इनके साथ ट्रेक्टर में इनके परिचित किसान संदीप मोटरपंप खरीदने और अशोक पाईप खरीदने के लिए आए थे। दिन में ट्रेक्टर की मरम्मत उपरांत तीनों किसानों ने अपनी जरूरत की कृषि सामग्री खरीदी और ट्रेक्टर से अपने गांव लौट रहे थे।

हिवरा हाइवे मोड पर पीछे से तेज गति से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने ट्रेक्टर को जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रेक्टर की ट्रॉली उछलकर ट्रेक्टर पर जा गिरी। इस दुर्घटना में संदीप पिता त्र्यंबक पटे आयु 36 और अशोक पिता कुंडलिक काले की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल विवेक ने नागपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड दिया। खुर्सापार ग्राम में तीन किसानों की मौत से शोक की लहर फैल गई है।

### टेबिल टेनिस स्पर्धा में जौहर दिखाएंगे जामई के खिलाड़ी

**जुन्नारदेव।** विभागीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जिले के पांच छात्र अपने प्रशिक्षक अनिल गडरिया व्यायाम शिक्षक शासकीय उ मा विद्यालय घोड़ावाडी के साथ शिवगढ़ रतलाम रवाना हुए। जिले के छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

## सोमाढाना में शराब बनाने तैयार था महुआ लाहन, आबकारी विभाग के दल ने किया

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी अमले द्वारा आज दोपहर के समय वृत्त प्रभारी श्री आकाश मेश्राम के नेतृत्व में ग्राम सोमाढाना और ढबेरा के मध्य जंगल में बहने वाले नाले के किनारे छुपाकर प्लास्टिक के अनेक ड्रमों और प्लास्टिक की पन्नियों में अनेक स्थानों पर रखा हुआ महुआ आबकारी दल द्वारा ढूंढ़कर विधिवत नष्ट किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की 1915 धारा 34 के तहत कुल 07 प्रकरण दर्ज कर 3600 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री गौरव पाण्डेय, उप निरीक्षक श्री आकाश मेश्राम व सुश्री रुचि बागरी के साथ ही आबकारी आरक्षक और थाना देहात के आरक्षक उपस्थित थे।













## उमरेठ पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा, चंद घंटों में आरोपी को किया गिरफ्तार

# अवैध संबंधों के शक पर डंडा मारकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

इन दिनों अधिकांश हत्याओं का कारण अवैध संबंध होता है। पति या पत्नी के अटूट रिश्तों के बीच जब कोई तीसरा प्रवेश कर जाता है तो रिश्ते टूटने का सिलसिला जारी हो जाता है और कई बार यह आपसी मनमुटाव, शक बड़े विवाद का कारण बन जाता है और ऐसा ही एक मामला उमरेठ थाने में हुआ जिसमें चंद घंटों में ही पुलिस ने अंधे कत्ल का खुलासा कर दिया।

थाना उमरेठ मर्ग की जांच दौरान 9 अक्टूबर को अस्पताल पुलिस चौकी छिन्दवाडा से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम बिछियाघाटी से उमेश यादव नाम के व्यक्ति को मृत अवस्था मे जिला अस्पताल छिन्दवाडा लाया गया हैं, सूचना पर 10 अक्टूबर को जिला अस्पताल छिन्दवाडा से जीरो की मर्ग इन्टीमेशन .क्र. 00/25 धारा 194 BNSS का प्राप्त कर मृतक उमेश यादव के शव का निरीक्षण कर पंचनामा कार्यवाही की गयी जो मृतक उमेश यादव के सिर मे पीछे तरफ गंभीर खून आलूदा चोट तथा चेहरे मे चोट के निशान पाये गये। मृतक उमेश यादव के शव गृह जिला अस्पताल छिन्दवाडा से 10 अक्टूबर को पी.एम.कराया गया तथा घटना स्थल का निरीक्षण कर नक्शा मौका तैयार किया गया। मृतक के परिजन एवं स्वतंत्र साक्षियों के कथन लेख किये गये जो अपने कथनो मे मृतक उमेश यादव तथा छाया यादव के बीच अवैध संबंध होना तथा उसी बात से घटना के 20-22 दिन पहले महेश यादव के साथ मे उमेश यादव का वाद विवाद होना जिससे छाया यादव की गांव मे बदनामी होना बताये हैं।

प्रकरण के स्वतंत्र साक्षी कथनो मे मृतक उमेश यादव तथा छाया यादव के बीच अवैध संबंध होने तथा दुर्गा विसर्जन के दिन (छाया के पति) नवीन यादव के द्वारा शराब पीने से उसके सेठ ने उमेश यादव को ट्रेक्टर चलाने बुलाया जिस बात से नाराज होकर नवीन यादव ने बंटी यादव के मोबाईल से उमेश के साथ वाद विवाद करना बताये हैं। जांच के दौरान घटना स्थल लेखराम सूर्यवंशी के खेत के सामने ग्राम बिछियाघाटी में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पाया गया कि मृतक उमेश यादव तथा छाया यादव के बीच फोन मे अक्सर बात चीत होती थी तथा उमेश यादव अक्सर छाया यादव के घर पर उठता बैठता था। जिस कारण छाया यादव की गांव मे बदनामी हुई थी अपनी पत्नी की बदनामी के चलते मृतक उमेश से रंजीश रखता था, इसी रंजिश व अवैध संबंधो के चलते घटना दिनांक को नवीन यादव के द्वारा उमेश यादव को रात्रि करीब 07.30 बजे सुनसान रास्ते में मृतक को मारने के उद्देश्य से झाड़ियो में छुपकर बैठा था, उमेश यादव के आने पर सागौन की लकड़ी के डंडे से चलती मोटर साईकिल में मृतक के सिर में मार दिया, वह मोटर साईकिल सहित जमीन में गिर गया जिससे सिर में गंभीर चोट आने से मृतक उमेश की मृत्यु हो गयी थी। मर्ग जांच पर आरोपी नवीन यादव निवासी बिरखिया ढाना के विरूद्ध प्रथम दृष्टया अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले में थाना प्रभारी उमरेठ निरी. विजय ठाकुर द्वारा पुलिस टीम बनाकर व मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घेराबंदी/दबिश देकर आरोपी नवीन यादव को दिनांक 16.10.2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड मे जिला जेल छिन्दवाडा दाखिल किया गया है। नाम मृतक – उमेश पिता सेवकराम यादव उम्र 34 साल निवासी ग्राम बिछियाघाटी (उमरेठ)

### गिरफ्तार आरोपी

नवीन पिता मंसराम यादव उम्र 30 साल निवासी बिरखिया ढाना मानकादेही खुर्द (उमरेठ)

### आईटीआई तकनीकी कर्मचारी संघ जिला शाखा ने किया नवागत प्राचार्य का स्वागत

**छिंदवाड़ा :-** मध्यप्रदेश आई टी आई तकनीकी कर्मचारी संघ जिला शाखा द्वारा छिंदवाड़ा शासकीय आई टी आई में पदस्थ नवागत नोडल प्राचार्य शुभम निमजे, चंद्रभान सिंह उईके प्राचार्य महिला आई टी आई, दिनेश कुमार प्राचार्य आदिवासी महिला आई टी आई का स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक नलिन तिवारी, जितेंद्र राठौर, वरिष्ठ सदस्य जयेश चंदेल कैप्टन, स्वामी सूर्यवंशी महामंत्री, राकेश पवार, जय सहारे, श्री चंद्राकर, धर्मेन्द्र सूर्यवंशी जिलाध्यक्ष, प्रकाश गेडाम कोषाध्यक्ष सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## रासायनिक खाद भंडारण वितरण की दी जानकारी, कृषि विभाग का अमला रहा मौजूद

# एसडीएम ने की रबी फसल की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

गुरुवार 16 अक्टूबर को जनपद सभागृह परासिया में कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त बैठक हुई । जिसमें एस डी एम शुभम यादव ने वर्ष 2025 में रबी फसल की समीक्षा की । बैठक में सभी सहकारी समितियों के समिति प्रबंधक एवं कृषि विभाग के सभी कृषि विस्तार अधिकारी , उन्नतशील कृषक , आत्मा परियोजना के B.T.M, A.T.M. सुपर सीडर के ओनर , स्वामी आदि शामिल हुए। बैठक में नरवाई प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा , सहकारी समितियों में पिछले वर्ष उर्वरक का भंडारण , वितरण एवं इस वर्ष में अग्रिम रासायनिक खाद का भंडारण वितरण की जानकारी , उर्वरक के P.O.S. मशीन की जानकारी , किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी, सोयाबीन फसल का भावांतर योजना में पंजीयन , रानी दुर्गावती योजना में कोदो - कुटकी का पंजीयन , नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग की जानकारी , कृषि सखी की जानकारी , रबी में बीज , उर्वरक , कीटनाशक दवा तथा अन्य सामग्री का भंडारण आदि की जानकारी प्राप्त की गई । बैठक में शुभम यादव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) परासिया ,अनुविभागीय कृषि अधिकारी पी. एस. उट्टी , वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनायक नागदवने , सहकारीता निरीक्षक ,16 सहकारी समितियों के समिति प्रबंधक, कृषि विभाग का पूरा अमला , प्रगतिशील कृषक आदि उपस्थित थे ।

## रंगोली और चित्रकला के माध्यम से स्वच्छता का दिया संदेश

**छिंदवाड़ा।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा द्वारा गुरुवार को कैलास नगर स्थित पीएम श्री शास. कन्या उ. मा. वि. में नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया गया । केंद्रीय संचार ब्यूरो, के विभागीय दल रेणुका लोक नाट्य कला केंद्र छिंदवाड़ा के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिये स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया । इस अवसर पर प्रचार अधिकारी राम सहाय प्रजापति, स्कूल की प्राचार्य श्रीमति मनीषा मिश्रा, शिक्षिका श्रीमति बबिता सोनी, श्रीमति किरण डेहरिया, श्रीमती माया गढेवाल, श्रीमति रिचा जुनेजा, श्रीमति रेखा वर्मा, कुकडा ग्राम उत्थान समिति के संयोजक श्यामल राव, डी एन अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में छात्राएं एवं विद्यालय के



शिक्षकगण उपस्थित रहें। इस अवसर पर प्रचार अधिकारी ने कहा कि हमें हमेशा साफ सफाई से रहना चाहिए ताकि हम बीमार न पड़ें । लोगों के बीमार पड़ने का मुख्य कारण स्वच्छता की कमी होती है । हमें न सिर्फ अपने आपको बल्कि अस पास के क्षेत्र की भी साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए । विद्यालय प्राचार्य ने कहा की आज हमें अपने तन के साथ साथ मन को भी स्वच्छ रखने की जरूरत है । विचारों की स्वच्छता ही हमें एक अच्छा इंसान बनने में मदद करता है और एक अच्छा इंसान ही स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकता है । श्यामल राव ने कहा कि आज के परिवेश में हमें स्वच्छता के प्रति ज्यादा सजग रहने की आवश्यकता है क्योंकि इसे अपनाकर ही हम अपने आस पास के क्षेत्र को ज्यादा स्वच्छ और निरोगी रख सकते हैं । अच्छी आदतों को अपनाकर ही हम जीवन में सफल हो सकते हैं । आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत"स्वच्छता ही सेवा" विषय पर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता छात्राओ को उपस्थित अतिथियों के हस्ते पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम उपरांत प्रचार अधिकारी राम सहाय प्रजापति ने सभी को स्वच्छता ही सेवा की शपथ सम्लित छात्रो को दिलाई।

## जनता को कर रहे है बस स्टैंड के गड्ढे परेशान, आवागमन बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

सौसर नगर के मुख्य बस स्टैंड पर प्रवेश करने वाले बड़े छोटे वाहनों को गड्ढो से होकर गुजरना पड़ रहा है। यात्री प्रतीक्षालय के बाजू में बस स्टैंड के अंदर प्रवेश करती दो पहिया वाहन चालकों को इन गड्ढो के कारण दुर्घटना का सामना करना पड़ रहा है।खास तौर पर नागपुर की ओर से आने वाले बेसन और बस स्टैंड से बाहर की ओर जाने वाली गाड़ियों के आमने-सामने होने के बाद में अक्सर यहां पर दुर्घटना होने की स्थिति उत्पन्न होती है। वही गड्ढो में भरा हुआ पानी गंदगी और पैदल आवागमन करने वाली स्कूली छात्र-छात्राओं यात्रियों को परेशान करता है।पूर्व में कई बार इस परिसर में दुकानों का संचालन करने वाले दुकानदारों के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना देकर गड्ढो की मरम्मत या फिर सड़क बनाने की मांग की गई है परंतु लंबा समय गुजर जाने के बावजूद भी अब तक कार्रवाही नहीं हो पाई है। वर्तमान में सड़के पर बने इन गड्ढो ने और बड़ा रूप ले लिया है और इसमें जमा हुआ गंदा आने जाने वाले राहगीरों को परेशान कर रहा है।

## बायर ने छोटे किसानों की उपज और आय में वृद्धि के उद्देश्य से मध्य प्रदेश में किया रबी मक्का महोत्सव का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** 10 अक्टूबर से बैतूल, छिंदवाड़ा, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रतलाम और सिवनी जिलों के गांवों में किसान बैठक की जा रही है। कार्यशाला में लाइव प्रदर्शन, कृषि संबंधी प्रशिक्षण और डेकाल्ब हाइब्रिड्स से जुड़ी जानकारियाँ प्रदान कीजा रही हैं। फसल की कटाई, मड़ाई और क्रॉप कार्निवल जैसे लाइव फील्ड कार्यक्रमों के माध्यम से डेकाल्ब हाइब्रिड्स कीबेहतर उपज और प्रदर्शन को प्रदर्शित किया जा रहा है।मध्य प्रदेश, अक्टूबर 14, 2025: बायर, जो स्वास्थ्य सेवा और कृषि में वैश्विक विशेषज्ञता रखता है, मध्य प्रदेश केप्रमुख जिलों में किसानों के लिए कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। इन कार्यशालाओं में मक्का केमहत्व जैसे खाद्य, चारा और सतत ईंधन के रूप को बताया जाएगा। ये किसान-केंद्रित रोड शो बेतुल, छिंदवाड़ा,सिवनी, इंदौर, भोपाल, जबलपुर और रतलाम के गांवों में होंगे, जो छोटे किसानों की बेहतर उपज और आय बढ़ाने मेंबायर की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। 10 अक्टूबर से ही उपरोक्त जिले के गांवों में किसान बैठक की जा रही है।मक्का (**Corn/Maize**) एक वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण फसल है और यह भोजन, पशु आहार और औद्योगिक कच्चे मालका अहम स्रोत है। भारत में मक्का खासतौर पर छोटे किसानों के लिए खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका मेंमहत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बायर (**Bayer**) की प्रमुख फसलों में से एक होने के नाते, मक्का नवाचार का एक बड़ाक्षेत्र है, जिसमें उच्च उपज देने वाली हाइब्रिड किस्में, जलवायु-प्रतिरोधी बीज और डिजिटल खेती के समाधान शामिलहैं। इन नवाचारों के जरिए, बायर का उद्देश्य पूरे भारत में सतत कृषि को बढ़ावा देते हुए मक्का किसानों कीउत्पादकता और आय बढ़ाना है।ये संवादात्मक / कार्यशालाएँ किसानों को आधुनिक फसल प्रबंधन की पूरी जानकारी देंगी, जिससे उनकी उपज बढ़ेगीऔर मिट्टी स्वस्थ रहेगी। कार्यक्रम में खेत में सीधे लाइव प्रदर्शन दिखाए जाएंगे, ताकि किसान नई तकनीकें अपनेअनुभव में देख सकें। इसके अलावा, वे उन किसानों की सफलताओं की कहानियाँ सुनेंगे जिन्होंने डेकाल्ब हाइब्रिड्स सेबेहतर उपज पाई है। विशेषज्ञ टिकाऊ खेती के तरीके बताएँगे, जिससे किसान अधिक उत्पादन कर सकें और मिट्टी कीसेहत भी बनाए रख सकें। साथ ही, फार्मराइज (**FarmRise**) ऐप के क्यूआर (**QR**) कोड आधारित रिवॉर्ड सिस्टमजैसी गतिविधियों के जरिए किसान इनाम जीत सकते हैं और बायर के कृषि नेटवर्क से जुड़े रह सकते हैं।

## सौंसर महाविद्यालय में युवा उत्सव का आयोजन

**सौंसर।** शासकीय महाविद्यालय सौंसर में दो दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य डॉ डी के इंदौरकर द्वारा सरस्वती पूजन कर एवं छात्रों को संबोधित कर किया गया। युवा उत्सव



प्रभारी इंदु तांडेकर ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रथम दिवस में साहित्यिक एवं सांगीतिक पक्ष की विधाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस युवा उत्सव के समापन पर रूपांकन एवं सांस्कृतिक पक्ष की विधाओं का आयोजन किया गया। दोनों दिवस युवा उत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मंच संचालन श्री इंद्रपाल राउत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ एन के गेडाम, डॉ पी एस परते, शिखा साहू,विजय मंडराह, भावना पारखे,तृप्ति अवस्थी, निवेदिता जैन,अंजू चौहान,जॉयस गुलाब,वासुदेव भोयर,संजय डेहरिया,रवींद्र यादव एवं समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।आभार प्रदर्शन इंदु तांडेकर ने किया। चयनित विद्यार्थी दिनांक 3 नवंबर से जिला पांढुर्णा की जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

## ग्रामीण बालिकाएं सीख रही है आत्मरक्षा की कला



**सौंसर।** संदीपनी शास. उच्च. माध्य. विद्यालय पिपला नारायण वार में शासन के निर्देशानुशार प्रति दिवस छात्राओंआत्मरक्षा के गुण सिखाए जा रहे हैं।आत्मरक्षा कला प्रशिक्षक कु. विधि राऊत के मार्ग दर्शन में आत्मरक्षा के विविध स्टेप को सीखाया जा रहा है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य गणेश परतेती ने बताया कि इसमें जो बालिकाओ को अपनी स्वयं की रक्षा के लिए आवश्यक एवं लाभदायक हैं। शासन द्वारा विकास खंड में संस्थाओं में इस प्रशिक्षण हेतु अंशकालीन चिन्नीत प्रशिक्षक की नियुक्ति की जाती हैं। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माह अगस्त से अक्टूबर माह कुल तीन माह के लिए प्रशिक्षक को नियुक्त किया जाता हैं। हमारी सस्था की कक्षा 9 वी से कक्षा 12 वी में अध्ययन कर रही छात्राओ इस प्रशीक्षण में प्रतिदिन भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है, शिक्षा के साथ-साथ इस तरह के आत्मरक्षा प्रशिक्षण की अति आवश्यकता है।संस्था में ग्राम पिपला ना वार ग्राम छिन्देवानी, ढोकडोह, सितापर सेमडा, मेहराखाषा, चिरकुराघोढी, जाखीवाडा, बानाबाकोडा ग्रामो से छात्राये पढ़ने आती है, जो करीबन 9 से 15 किमी की दूरी है और आज के इस परिवेश में आवारा तत्वों से अपनी सुरक्षा के लिये बालिकाओं में आत्म विश्वास विकसित करना आवश्यक है, इसीलिए इस प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन करना जरूरी है।नोडल शिक्षिका श्रीमति अनामिका मंडाले को नियुक्त किया गया है।

## फुले मंगल भवन में हुआ सत्कार समारोह

**सौंसर।** महात्मा ज्योतिबा फूले मंगल भवन मै महात्मा फूले विकास मंडल की पूर्व समिति का स्वागत सत्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम मै सर्वप्रथम संत श्री सावता माली भगवान और श्री महात्मा ज्योतिबा फूले माँ साविती बाई फूले की प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ माल्यार्पण किया गया,ततपश्चात आये हुए सभी अतिथियों का सत्कार नविन समिति के सदस्यों के द्वारा शाल श्रीफल देकर किया गया, आयोजन में मुख्य रूप से प्रभाकर बोबडे, धनराज सरोदे, नीता ताई बोडखे, सतीश गाडगे, कुशल वांनखड़े,मनीषा ताई भांगे, विजय आमले, रत्नाकर बुले, विजय बोडखे,रामकृष्णा बोडखे, प्रदीप अंबड़कर, विवेक टेम्भे, माया ताई बुले, सिंधु बाई रेवसकर, द्वारा स्वागत किया गया।आयोजन के दौरान आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ में चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में प्रमुख रूप सेपवन सरोदे,जयंत फसाटे, पवन बोडखे,दर्शन झाडे, धनराज काले, चंद्रशेखर अंबड़कर, नीलेश गाडगे, राहुल शेरजे, नंदकिशोर ओरेकर, पलाश बोडखे, राहुल शेरजे,अनीता ताई बोडखे संजय भांगे, संजय जी रेवसकर, पुरुषोत्तम अंबड़कर, कुसुमबाई धुर्व आदि थे।

## उडऩदस्ता दल और वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी की संयुक्त कार्यवाही

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई: 22 तोतों के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज लांजी।



तोते हमारे पारिस्थिति की तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं और उनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत तोतों को पकडऩा, पालना या उनके अंगों का व्यापार करना अपराध है। इस अधिनियम के तहत तोतों को संरक्षित किया जाता है और उनके अवैध शिकार और व्यापार पर रोक लगाई जाती है। परंतु लांजी क्षेत्र में वन विभाग के उडऩदस्ता दल और वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी की संयुक्त कार्रवाई में 15 अक्टूबर 2025 की रात्रि में ग्राम कुम्हारी कला में 22 नग करण तोता 'गुलाबी गले वाला तोतों के साथ 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई, जिसमें वन्यजीवों का अवैध व्यापार करने वाले छत्तीसगढ़ के आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में बताया की यह उनका पुश्तैनी कार्य है जिसे वे वर्षों से करते आ रहे हैं, आरोपियों के पास तोता पकडऩे का जाल एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है। कार्रवाई में वन वृत्त बालाघाट के सीसीएफ उडऩदस्ता दल और वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी के कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दल में परिक्षेत्र सहायक आर.के.सोनवाने, पवन पटले, संजय विश्वकर्मा, वनरक्षक विशाल आसटकर, अमरदीप गजभिए, विभूति नाथ, अमरनाथ नंदा, और अन्य स्टाफ शामिल थे।

### क्या है पूरा मामला

वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध रूप से तोतों का व्यापार कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 22 तोतों को बचाया। गिरफ्तार आरोपियों में शेरसिंह पिता अमृतलाल पारदी 25 वर्ष, सुमेरसिंह पिता श्रमतलाल पारदी 30 वर्ष, दोनों ग्राम भण्डारपुर, सन्तोष पिता कन्हैयालाल पारदी 24 वर्ष, ग्राम बोडसी और दो अन्य अपचारी शामिल हैं। प्रकरण क्रमांक 16158/12 के तहत वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 (यथा संशोधित 2022) की धारा 2(1)(5), 9, 39, 50, 51, और 52 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### इनका कहना है

उडऩदस्ता बालाघाट एवं वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य की टीम द्वारा 15 अक्टूबर को ग्राम कुम्हारीकला में छापामार कार्यवाही में तोता पकडऩे वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें आज माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे जी का दुःखद निधन

### केंद्रीय शाखा मुंबई,मप्र राज्य शाखा एवं अन्य शाखा ओ द्वारा श्रद्धांजलि प्रेषित करने का सिलसिला जारी



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट मप्र के शिलावान,निष्ठावान जिलाध्यक्ष परम आद. एस.एल.रंगारे सर का आज सुबह 9 बजे अचानक हार्ट अटैक से दुःखद निधन हुआ। तथागत से प्रार्थना करते हैं कि परिवार को इस दुखद घड़ी में साहस मिले,दिवंगत रंगारे सर अपने पीछे पत्नी आयुनी.निर्मला रंगारे,2 पुत्र आदर्श रंगारे भोपाल,छोटा पुत्र विकल्प रंगारे पुना,1बेटी दीक्षा नरांझे रायपुर सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए,दिवंगत रंगारे सर का अंतिम संस्कार कल सुबह 11 बजे स्थानीय मोक्षधाम में सम्पन्न होगा,दिवंगत रंगारे सर के अकस्मात जाने से परिवार के साथ धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट एवं मप्र राज्य शाखा को अपूरणीय क्षति हुई है,जिसकी पूर्ति किया जाना संभव नही,दिवंगत रंगारे जी ने अपने कार्यकाल में धम्म संस्था के माध्यम से कई सारे अविस्मरणीय कार्य किए,जिले में बहुत सारे प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन किए,उन्होंने संस्था के शिविर में श्रामनेर प्रशिक्षण लिया,आनेवाले दिनों में चैत्यभूमि मुंबई में केंदीय शिक्षक परीक्षा में शामिल होनेवाले थे,उनके असामयिक निधन से परिवार एवं संस्था के सभी पदाधिकारियों में शोक की लहर व्याप्त है। दिवंगत रंगारे सर के निधन पर केंद्रीय शाखा मुंबई से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. एड.जगदीश गवई साहेब,मप्र प्रभारी बी एच गायकवाड गुरुजी,डॉ.चरनदास ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष मप्र,डॉ.लेफ्टिनेंट कर्नल उत्तम प्रधान महामंत्री मप्र इंदौर,डॉ.लेफ्टिनेंट कर्नल शांताराम वाघ प्रदेश उपाध्यक्ष इंदौर,आयुनि हेमलता डोंगरे,प्रदेश उपाध्यक्ष ,बी सी सहारे प्रदेश कोषाध्यक्ष भोपाल,धर्मेंद्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव,आर.के.कटाने-राजकपूर कामडे प्रदेश सचिव एवं मप्र के सभी पदाधिकारी,खुशियाल मेश्राम एवं देवानंद रंगारे जिला उपा.,आयुनी प्रमिला ताई चौहान जिला कोषाध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला शाखा एवं जिले की सभी तहसील,नगर,सर्कल,ग्राम,वार्ड एवं सभी शाखा ओ की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि प्रेषित किए।

## इनामी कूपन योजना के भाग्यशाली विजेताओं को आज होगा उपहारों का वितरण

**वारासिवनी।** नव दुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब वारासिवनीं द्वारा शारदेय नवरात्र पर्व पर आयोजित किए गए भव्य कूपन उपहार योजना का पुरस्कार वितरण समारोह आज शुक्रवार को शाम 5 बजे से स्थानीय सिविल क्लब मैदान में आयोजित किया गया हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष संजय सिंग कछवाहा ने बताया कि नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बीते 22 वर्ष से लगातार मातारानी के दर्शन करने आने वाले भक्तों के लिए विशाल इनामी कूपन योजना का आयोजन रखा जाता हैं। जिसमें मातारानी के प्रसाद स्वरूप लाखों रुपयों के इनाम रखे जाते हैं। इस वर्ष भी समिति ने लाखों रुपयों के इनाम रखे थे, जिनका ड्रा 8 अक्टूबर को सिविल क्लब मैदान में आयोजित विशाल सिने स्टार चंकी पांडे नाइट में ख्यातिलब्ध अभिनेता चंकी पांडे, उपस्थित इंडियन आइडियल के कलाकारों एवं अतिथियों द्वारा निकाला गया था। जिसमें प्रथम पुरस्कार हीरो स्ट्रीम का भाग्यशाली कूपन नम्बर 67778, द्वितीय न्यू हीरो डेस्टिनी 125... कूपन नम्बर 59209, तृतीय एलईडी एलजी कूपन नम्बर 29980, चतुर्थ फ्रीज 180 लीटर कूपन नम्बर 55325, पाँचवा वाशिंग मशीन कूपन नम्बर 42207 के विजेताओं सहित अंतिम 3 अंकों 801 के भाग्यशाली विजेताओं को भव्य समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कारों का वितरण किया जायेगा।

## महिलाएं, परिजन और छोटे-छोटे बच्चे पूरा दिन सभी हुए परेशान

# महिला नसबंदी शिविर में अव्यवस्था का आलम, 8 घंटे बाद देरी से पहुंची सर्जन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच आपसी तालमेल, बातचीत की कमी और जिला अस्पताल बालाघाट के अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग की गैर जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली एक बार फिर से सामने आई है. इस बार मामला राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, परिवार नियोजन के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में आयोजित होने वाले इस सत्र के पहले महिला नसबंदी शिविर से जुड़ा हुआ है. दरअसल, बिना सर्जन को जानकारी दिए ही कटंगी में महिला नसबंदी शिविर का आयोजन करवा दिया गया. जिसके चलते शिविर में ऑपरेशन के लिए आने वाली महिलाओं को परेशानियों से दो-चार होना पड़ गया. तय समय पर अस्पताल आने के बावजूद महिलाओं को करीब 08 घंटे तक ऑपरेशन थियेटर के बाहर बैठकर सर्जन का इंतजार करना पड़ा. जिससे ना सिर्फ महिलाओं बल्कि उनके साथ आने वाले छोटे बच्चों और परिजनों को मानसिक तनाव सहन करना पड़ा. परिजनों की परेशानी इस बात को लेकर है कि वह सुबह 10 बजे से भूखे-प्यासे आए है ताकि समय पर उनके घरों की महिलाओं के ऑपरेशन हो जाए किंतु शाम साढ़े 06 बजे तक सर्जन नहीं आई और स्थानीय स्वास्थ्य कर्मचारी लगातार उनसे झूठ बोलते रहे. अस्पताल में ऑपरेशन के लिए महिलाओं से लेकर परिजनों के बैठने तक की उचित व्यवस्था



नहीं थी. जिस कारण महिलाओं के परिजन बच्चों को अपने हाथ में पकड़कर पूरा दिन अस्पताल के चक्कर काटते रहे. शाम होते तक महिलाओं के परिजनों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच चुका था।

दरअसल, सरकारी अस्पताल में बुधवार को महिला नसबंदी शिविर का आयोजन होना है. इस बात की जानकारी जिला अस्पताल की सर्जन को नहीं दी गई थी. ऐसा दावा स्वयं सर्जन ने किया. वह शाम साढ़े 06 बजे कटंगी अस्पताल पहुंची और ऑफ कैमरा चर्चा करते हुए बताया कि कटंगी अस्पताल की बीई जानकी हरिनखेड़े ने उनसे बिना संपर्क किए ही महिला नसबंदी शिविर का आयोजन करवा दिया. बुधवार की दोपहर साढ़े 03 बजे सहायक ने जानकारी दी कि कटंगी अस्पताल में नसबंदी शिविर है. तब उन्होंने बीई से चर्चा की और शिविर में आने की तैयारी की लेकिन सरकारी वाहन के समय पर ना मिलने की वजह से वह और भी अधिक देरी से कटंगी पहुंच पाई. वह बताती है कि जिला अस्पताल में कहीं आने-जाने के लिए वाहन बड़ी मुश्किल से वाहन मिल पाता है. उनके इन दोनों ही दावों में कितनी सच्चाई है इसकी भी जांच की गई. जिसमें उनका पहला दावा सच साबित हुआ. बीई जानकारी हरिनखेड़े ने सर्जन से संपर्क कर शिविर की तारिख नहीं ली थी बल्कि सर्जन के सहायक को जानकारी दी थी और सहायक ने भी सर्जन से इस शिविर के संबंध में कोई चर्चा नहीं की. बुधवार को जब बीई ने फिर सहायक को शिविर की जानकारी दी तब सर्जन को शिविर की जानकारी मिली. जबकि दूसरे दावे के लिए जब मुख्य जिला एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. स्वास्थ्य विभाग की इन गंभीर खामियों की वजह से अस्पताल पहुंची महिलाओं और परिजनों सहित छोटे बच्चों को परेशान होना पड़ा. अस्पताल में कोई अपनी बहु, कोई बेटी और कोई अपनी पत्नी को बच्चे के साथ लेकर पहुंचा था. आशा कार्यकर्ता महिलाओं को सुबह 10 बजे अस्पताल लेकर आ गई थी. परंतु शाम साढ़े 06 बजे तक अस्पताल में सर्जन नहीं आने से सभी परेशान हो गए थे।

## किरनापुर में आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ समापन

### कुपोषण मुक्त भारत पर जोर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक रहे शामिल



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** महिला बाल विकास विभाग किरनापुर के द्वारा गुरुवार, 16 अक्टूबर को सभागार में ₹पोषण पंचायत एवं आठवें राष्ट्रीय पोषण माह₹ का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती डिलन बघेल व कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना अधिकारी श्रीमती अमृता कुजूर ने की।श्रीमती जागृति बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण अभियान महिला एवं बाल विकास को सशक्त बनाने में एक जन आंदोलन बन चुका है। उन्होंने महिलाओं से संतुलित आहार, प्रसव पूर्व देखभाल, एनीमिया नियंत्रण और बालिकाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि पोषण के बिना सशक्त समाज की कल्पना अधूरी है, और कुपोषण मुक्त भारत के निर्माण में हर परिवार को अपनी भूमिका निभानी होगी।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से भी पी एम मनीष दुबे और खेमेन्द्र क्षीरसागर , श्रीमती चेतना पाल,हाजरन खोबरागड़े, विकासखंड समन्वयक श्रीमती प्रतिभा बघेल, सुलोचना रावते ,धनवंत वरकड़े ,रेखा देशमुख, अंजू बिसेन, समोता मस्करे ,मनीषा पारधी, सुशीला कवड़े, वरिष्ठ पत्रकार मदन मोहन पाराशर, देवेंद्र गोंडाने सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान पाँच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और पाँच बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। अतिथियों ने ₹पोषण भी और पढ़ाई भी₹ के नवीन प्रशिक्षण बैच का भी उद्घाटन किया। पोषण माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को परियोजना अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। किरनापुर सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के द्वारा व्यंजन जिसमें चिले, लड्डू, खीर, पुरी, बड़े, और भी अन्य व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया मूंगना की भाजी, भट्टे, ककड़ी, फलों में केले, पपीता रखे गए। कार्यक्रम के अंत मे उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त भारत का लक्ष्य सामूहिक प्रयासों से ही प्राप्त किया जा सकता है। सुपरवाइजर और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी/गोपालगंज : लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर सोमवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक (क्रमांक आरजे 14 जीजे 6133) ने गोपालगंज बाईपास के पास एक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष है, उसकी दाढ़ी-मूंछ पकी हुई थी और वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत होता है। घटना की जानकारी ठाकुर ट्रांसपोर्ट के संचालक वृजमोहन बाबूलाल ठाकुर द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही लखनवाड़ा पुलिस मौके पर पहुँची और शव को जिला अस्पताल भेजा, जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक वाहन को जब्त कर चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 470/2025 धारा 106(1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। वहीं मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। शव को जिला अस्पताल मर्चुरी में सुरक्षित रखा गया है। थाना लखनवाड़ा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक की पहचान कर सके तो तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

### दीपावली पर्व पर फुटकर पटाखा दुकान हेतु अस्थायी लाइसेंस का ड्रॉ संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी। दीपावली पर्व के अवसर पर फुटकर पटाखा दुकान हेतु अस्थायी पटाखा लाइसेंस वितरण के लिए कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आज ड्रॉ प्रक्रिया संपन्न हुई। ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के आधार पर ड्रॉ आयोजित किया गया। ड्रॉ की कार्यवाही अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से संपन्न की गई। इस अवसर पर पटाखा दुकान हेतु आवेदन करने वाले अनेक आवेदक भी उपस्थित रहे। चयनित आवेदकों को निर्धारित शर्तों के पालन एवं सुरक्षा मानकों के अनुसार फुटकर पटाखा दुकान संचालन की अनुमति प्रदान की गई है।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बरघाट ने पंचायत एवं नगर परिषद निकायों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दावा आपत्ति निराकरण कार्य में लापरवाही एवं अनुपस्थित पाये जाने को लेकर ग्राम पंचायत धारनाकला के प्राधिकृत कर्मचारी श्री मोहनलाल डहेरिया एवं ग्राम पंचायत जेवनारा के प्राधिकृत कर्मचारी श्री सुदामा भालेकर तथा ग्राम पंचायत नगझिर के प्राधिकृत कर्मचारी श्री विपिन बिसेन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। औचक निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गए थे। तीन दिवस के भीतर संबंधित कर्मचारियों द्वारा समाधान कारक जवाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### भावांतर योजना के अन्तर्गत सोयाबीन पंजीयन के लिए कृषकों से अपील

सिवनी 15 अक्टूबर 2025/ उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावान्तर योजना) अन्तर्गत खरीफ वर्ष 2025 (विपणन वर्ष 2025-26) में ई-उपार्जन पोर्टल पर दिनांक 03 अक्टूबर 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक सोयाबीन का पंजीयन किया जाना है।

# खबर का हुआ असर: शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौरा में अतिथि शिक्षक भर्ती हुई निरस्त

**केशव राय धनौरा। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भ्रष्टाचार में लथपथ शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा की प्राचार्या नाजमीन खान के द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से अतिथि शिक्षकों की भर्ती की गई थी**




जिसकी सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई थी कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा की प्राचार्या नाजमीन ने 15 से 20 हजार रुपए लेकर अतिथि शिक्षकों की भर्ती की थी जिसकी जानकारी दैनिक हरि भूमि समाचार पत्र के प्रतिनिधि केशव राय को प्राप्त होते ही खबर का प्रकाशन किया गया था जिसके बाद विकास खंड शिक्षा अधिकारी नीरज दुबे के द्वारा सहायक आयुक्त महोदय सिवनी को शिकायत पत्र भेजा गया था ।उसके पश्चात सहायक आयुक्त सिवनी लालाजी राम मीणा के द्वारा तीन सदस्यों की जांच टीम बनाई गई थी।जिसमें भर्ती प्रकिया में अनियमितताएं पाई गई ओर सहायक आयुक्त सिवनी लालजीराम मीणा के द्वारा अतिथि शिक्षकों की भर्ती को निरस्त कर पुनः भर्ती प्रकिया शुरू करने का आदेश जारी किए।

नियम विरुद्ध तरीके से भर्ती हुए अतिथि शिक्षकों को वेतन देगा कौन, क्या सहायक आयुक्त सिवनी लालजीराम मीणा अतिथि शिक्षको की नियम विरुद्ध भर्ती करने वाली प्राचार्य नाजमीन खान के ऊपर करेंगे कार्यवाही..

# स्वीकृति कहीं की, संचालित हो रहे कहीं और

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा कियोस्क बैंकों का फायदा

**हरिभूमि न्यूज से छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन। देवरी कला गणेशगंज में पंजाब बैंक नेशनल बैंक में ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को गांव में ही बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कियोस्क बैक सेवा संचालित को गई ।**




जिससे ग्रामीणों को अपने आस पास के ही गांव में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध हो सके और अन्य ग्राम या बैक न आने की झंझट से मुक्ति मिले। वहीं बैंकों का बोझ कम हो सके लेकिन कियोस्क संचालकों ने अन्य गांव के नाम से स्वीकृति तो ले ली और जहां बैंक है वहीं कियोस्क बैक संचालित कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्हें ग्राम देवरी कला गणेशगंज में आकर ही अपने पंजाब नेशनल बैंक से कार्य निपटाना पड़ रहे हैं। कियोस्क बैक संचालकों की मनमानी से ग्रामीणों का पैसा और समय दोनों ही बर्बाद हो रहा है। सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परेशानियों को दूर किया जाए और उन्हें गांव में ही बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाए, लेकिन सरकार की इस मंशा पर अधिकारियों की मिलीभगत से कियोस्क बैक संचालकों ने पानी फेर दिया है।

# जय अंबे सिक्योरिटी सर्विस द्वारा दायर याचिका में उच्च न्यायालय ने दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज सिवनी। न्यू जय अम्बे सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर एक रिट याचिका के संबंध में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर का एक आदेश है। मामले का विवरणः न्यू जय अम्बे सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मध्य प्रदेश राज्य और अन्य के खिलाफ दायर एक रिट याचिका (संख्या 39581/2025) है। सुनवाई की तिथिः न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा द्वारा 14 अक्टूबर 2025 को आदेश जारी किया गया। याचिकाकर्ता का अनुरोधः याचिकाकर्ता कई राहत की मांग कर रहा है, जिसमें प्रतिवादियों को जिला सिवनी में सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आउटसोर्स स्टाफ सेवाएं प्रदान करने की अनुमति देने के लिए निर्देश देने हेतु परमादेश याचिका भी शामिल है। आरोपः याचिका में एक अन्य कंपनी महामृत्युंजय ट्रेडर्स, इंदौर को स्टाफ सेवाओं के आवंटन को भी रद्द करने की मांग की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि यह मनमाना और असंवैधानिक है। यह दस्तावेज़ एक अनाम याचिकाकर्ता द्वारा दायर याचिका के संबंध में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का न्यायालय आदेश है। अदालत ने याचिकाकर्ता को आदेश की प्रमाणित प्रति प्रतिवादी को प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए याचिका का निपटारा कर दिया है, जिसके बाद प्रतिवादी को 30 दिनों के भीतर मामले पर अंतिम निर्णय लेना होगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि अदालत ने मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है। केस संख्याः WP-39581-2025 न्यायालयः मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय पक्षकारः याचिकाकर्ता बनाम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सिवनी (प्रतिवादी क्रमांक 2) आदेशः प्रतिवादी को इस आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर शिकायत (अनुलग्नक पी-8) पर अंतिम निर्णय लेने का निर्देश दिया जाता है।

# सिवनी में कृषि विभाग की संवेदनहीनता चरम पर अन्नदाता त्राहिमाम

**सिवनी कृषि विभाग वरिष्ठ अधिकारी अदृश्य, ब्लॉक अधिकारी अड़ियल**
**तत्काल संज्ञान लें, श्रीमती शीतला पटले**
**सिवनी की नई कलेक्टर के सामने अन्नदाताओं का भविष्य अग्निपरीक्षा पर:भ्रष्ट तंत्र पर कड़े प्रहार की उम्मीद**
**लखनादौन में खुली लूट और फर्जी गिरदावरी, उपार्जन रजिस्ट्रेशन का खेल**

## खाद-बीज की अनुपलब्धता, भ्रष्टाचार का बोलबाला क्या कलेक्टर, मंत्री और जनप्रतिनिधि लेंगे संज्ञान

समय चूका, खेती किस काम की? यह हमारे बुजुर्गों का सदियों पुराना कहावत है, जो आज सिवनी जिले के हज़ारों किसानों के लिए अग्निपरीक्षा बन गया है। मौसम ने करवट ले ली है, धान और मक्का की कटाई कहीं-कहीं शुरू हो चुकी है, और रबी की बुआई का अविचलित समय सिर पर है। इसके बावजूद, राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले खाद और बीज की आपूर्ति शून्य है, और कृषि कल्याण विभाग के अधिकारी गहरी निद्रा में लीन हैं। यह स्थिति किसी सामान्य लापरवाही का नहीं, बल्कि कृषि प्रधान जिले के किसानों के भविष्य के साथ किए जा रहे सुनियोजित खिलवाड़ का घिनौना प्रमाण है।

जिले के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें कथित तौर पर एस.के. धुर्वे और ब्लॉक स्तर के अधिकारी शामिल हैं, ने आँखें मूंद ली हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि किसान कल्याण के नाम पर चल रहा यह विभाग अब भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का अड्डा बन गया है। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में, जहाँ खेती ही जीवन का आधार है, समय पर बीज न उपलब्ध कराना किसानों को आत्मघाती निर्णय लेने के कगार पर धकेल रहा है।



फाईल फोटो

किसानों की यह पीड़ा स्पष्ट हैः जब तक सरकारी बीज आएगा, तब तक बुआई का शुभ समय निकल चुका होगा। किसान अपनी जमा-पूंजी या कजर् लेकर बाज़ार से बीज खरीदकर समय पर बुआई करेगा। इसके बाद, सरकारी गोदामों में पड़ा हुआ यह आवश्यक बीज या तो सड़ जाएगा, या फिर भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा सड़ी हुई सामग्री के नाम पर औने-पौने दामों पर ठिकाने लगा दिया जाएगा। इसका सीधा लाभ बीज निर्माता कंपनियों और स्थानीय कमीशनखोरों को मिलेगा, जबकि सरकार को बड़ा वित्तीय चूना लगेगा और किसानों को घटिया बीज, घटिया फर्टिलाइज़र और बे-बुनियाद दामों पर बेची गई कृषि सामग्री का दंश झेलना पड़ेगा। यह किसानों को समृद्ध करने की सरकारी नीतियों के मंशा पर कुठाराघात है। सरकारी रहनुमा दीमक की तरह योजनाओं को खोखला कर रहे हैं।

### लखनादौन में खुली लूट और फर्जी गिरदावरी, उपार्जन रजिस्ट्रेशन का खेल

स्थिति और भी भयावह है। उपार्जन पंजीकरण केंद्रों पर लखनादौन समेत कई स्थानों पर किसानों से कथित तौर पर ?200 से ?500 तक की अवैध वसूली की जा रही है। सर्वर या अन्य तकनीकी बाधाओं का बहाना बनाकर अन्नदाताओं को गुमराह किया जा रहा है। उपार्जन पंजीकरण केंद्र जैसे संवेदनशील स्थानों पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के वरिष्ठ जिला अधिकारी मनोज पराबिया की उदासीनता ने पिछले दिनों हुए फर्जी सिकमी नामां और किसान कल्याण के नाम पर सरकारी खजाने को लगे बड़े चूने की घटनाओं की याद ताजा कर दी है। फर्जी गिरदावरी की लगातार मिल रही शिकायतें राजस्व और कृषि विभाग के गठजोड़ को उजागर करती हैं, जहाँ कागजों पर किसानों के हित की बलि चढ़ाई जा रही है।

### ज़िम्मेदारियों का कठोर आइना अब एक्शन की दरकार

इस विषम परिस्थिति में, जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की जवाबदेही सबसे ऊपर है। कलेक्टर होने के नाते, उन्हें जिले के समस्त विभागों (कृषि, राजस्व, आपूर्ति) के बीच समन्वय स्थापित करते हुए, खाद-बीज की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित करानी चाहिए और भ्रष्ट अधिकारियों पर कठोरतम अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। कृषि अधिकारियों की ज़िम्मेदारी है कि वे तत्काल ब्लॉक स्तर पर बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें और भ्रष्टाचार पर लगाम कसें। राजस्व विभाग की ज़िम्मेदारी है कि फर्जी गिरदावरी और उपार्जन केंद्रों पर हो रही अवैध वसूली को रोके, क्योंकि यह सीधा किसानों के आर्थिक हितों पर प्रहार है। प्रभारी मंत्री श्री पवार और क्षेत्रीय सांसद-विधायकों, जनप्रतिनिधियों का यह नैतिक और संवैधानिक दायित्व है कि वे इन गरीब अन्नदाताओं की मार्मिक पुकार को कागज़ों के नीचे न दबने दें। यह उनकी जनप्रतिनिधि की भूमिका की अंतिम परीक्षा है।

# केवलारी में पदस्थ प्रधान आरक्षक मनीष पटवा 75 हजार रुपए लेते रंगे हाथ हुए गिरफ़्तार

**पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त श्री योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर जबलपुर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही**



आवेदक नितिन पाटकर सिविल ठेकेदार है जिसके द्वारा नगर परिषद केवलारी जिला सिवनी में सीसी रोड एवं नाली निर्माण का ठेका लिया था। नितिन पाटकर द्वारा पेटी ठेकेदार राय कंस्ट्रक्शन राहुल राय निवासी सिवनी को कार्य सोपा गया था राहुल द्वारा घटिया काम कर रुपए की धोखाधड़ी आवेदक के साथ की गई जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा थाना केवलारी में दिनांक 8.10.2025 को की गई थी, थाना केवलारी में प्रधान आरक्षक मनीष कुमार पटवा धोखाधड़ी की FIR करने के एवज में आवेदक से ₹500000 की मांग कर रहा था जिसमें प्रथम किस्त के रूप में पूर्व में आरोपी मनीष कुमार पटवा ₹25000 ले चुका था ।जिसे सत्यापन उपरांत आज दिनांक 16.10.2025 को आरोपी प्रधान आरक्षक मनीष कुमार पटवा को द्वितीय किस्त के रूप में ₹75000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया ।आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,13(1)B, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। *ट्रेप दल सदस्य-दल प्रभारी निरीक्षक उमा कुशवाहा, निरीक्षक राहुल गजभिए,निरीक्षक जितेंद्र यादव निरीक्षक बृजकिशोर नरवरिया एवं लोकायुक्त जबलपुर का दल।

### स्वास्थ्य मंत्री को स्तीफा देना चाहिए-मरावी

सिवनी। जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा इंदिरा गांधी चिकित्सालय सिवनी के सामने धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार के संरक्षण में पूरे प्रदेश में अराजकता की स्थिति निर्मित हो गई है । स्वास्थ्य सेवाओं से जुडीअनेक ड्रग्स कंपनियों के डायरेक्टर द्वारा प्रदेश सरकार से भारी लेन देन कर अन्य प्रदेशों से प्रतिबंधित अमानक स्तर की दवॉईयो की सप्लाई कर दी गई।जिसके कारण छिन्दवाड़ा जिले में छोटे छोटे बच्चों के साधारण रूप से अस्वस्य होने पर चिकित्सको द्वारा बच्चो के उपचार के लिए लिखी गई कफ सिरप के पीने से किडनी, लीवर फेल होने के कारण क्रमबद्ध रूप से 26 बच्चो की असमय मृत्यु हो गई।

# नवजात बच्चे का शव मिलने से सनसनी

सिवनी। कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र का मामला सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिवनी-मंडला मार्ग पर कान्हीवाड़ा मोक्ष धाम के आगे रोड किनारे एक अज्ञात नवजात बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। बच्चे का शव आज सुबह रोड किनारे मिला है। सुबह-सुबह राहगीरों ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय सिवनी पहुंचा दिया है। अब पुलिस मामले की जांच और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।



समस्त जिलेवासियों को हरिभूमि स्थापना दिवस, धनतेरस व दीपावली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ ढाल सिंह बिसेन
सौजन्य बिसेन मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल सिवनी

समस्त जिलेवासियों को हरिभूमि स्थापना दिवस, धनतेरस व दीपावली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



रजनीश सिंह
विधायक, केवलारी

# सांसद खेल महोत्सव एवं राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में संयुक्त समन्वय बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में गुरुवार को सिवनी सभाकक्ष में सांसद खेल महोत्सव 2025 एवं राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 की तैयारी को लेकर संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सिवनी एवं बरघाट विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित खेल प्रतियोगिताओं और आगामी राष्ट्रीय युवा महोत्सव के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन की रूपरेखा निर्धारित करना था। बैठक में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने सांसद खेल महोत्सव के आयोजन, ट्रायल्स की प्रक्रिया और विभागीय समन्वय संबंधी जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर ने खेलवार खिलाड़ियों के पंजीयन की स्थिति का अवलोकन कर स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा खेल संघों को अधिकतम खिलाड़ियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं के सुगम और व्यवस्थित संचालन के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दायित्व सौंपे। सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं, खिलाड़ियों के पंजीयन और ट्रायल्स की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई बैठक में राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस महोत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य और विज्ञान मेला प्रदर्शनी में भाग लेंगे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं संस्थानों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक युवाओं और कलाकारों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि जिले की प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। बैठक में सिवनी एवं बरघाट के एसडीएम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं नोडल प्राचार्य, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, खेल संघों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के दल द्वारा औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने

सिवनी/ आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन सिवनी टीम द्वारा दीपावली एवं अन्य त्यौहारो दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण जिले में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की जा रही है साथ ही खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ स्वच्छ वातावरण में खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं भंडारण करने की सलाह दी जा रही है।

खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम की कार्यवाही अंतर्गत विगत दिवस दल द्वारा नरसिंह दास अग्रवाल प्रकाश अग्रवाल किराना स्टोर्स कुरई से महोत्सव सोयाबीन रिफाइन तेल, स्टार होटल से बूंदी के लड्डू एवं हल्दीराम रसगुल्ला, ग्राम पिपरवानी स्थित बावणवाड़ा रेस्टोरेंट एवं चाट भंडार से नमकीन सेव, गबनई रेस्टोरेंट से मिल्क कैक एवं मावा का नमूना, खवासा स्थित जयसवाल ढाबा एवं रेस्टोरेंट से पेड़ा एवं बादाम बर्फी का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया साथ ही खाद्य सामग्री भंडारण में कमियां पाई जाने के कारण सभी को नोटिस जारी किया गया है।

समस्त जिलेवासियों को हरिभूमि स्थापना दिवस, धनतेरस व दीपावली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



कमल मर्सकोले
विधायक, बरघाट

समस्त जिलेवासियों को हरिभूमि स्थापना दिवस, धनतेरस व दीपावली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



दिनेश राय मुनमुन
विधायक, सिवनी

हरिभूमि
# सतपुड़ा भूमि
12
जबलपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025
login : www.haribhoomi.com
[ तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा ]

### किसानों के साथ निकाली रैली मंच से जमकर गरजे कांग्रेसी
## किसानों से वादा करके भूली भाजपा!




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में गुरुवार को कांग्रेस ने धान और गेहूं के समर्थन मूल्य पर भाजपा सरकार के वादे पूरे न होने के विरोध में प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कार्यालय से 'किसान क्रांति यात्रा' निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और किसान शामिल हुए।

यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और किसानों ने भाजपा सरकार से किए गए वादों को पूरा करने और किसानों के बिजली बिल माफ करने की मांग करते हुए तख्तियां पकड़ी थीं। उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

आंबेडकर चौक पर हुई सभा को संबोधित करते हुए विधायक और कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में किसानों से जो वादे किए थे, सरकार बनने के बाद उन्हें भुला दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह 'वादाखिलाफी की सरकार' है, क्योंकि विपक्ष की आवाज उठाने के बावजूद सरकार वादे पूरे नहीं कर रही है। उईके ने घोषणा की कि बालाघाट जिले की सभी विधानसभाओं में 'किसान न्याय यात्रा' निकाली जाएगी, जिसके बाद जिला मुख्यालय पर एक बड़ा प्रदर्शन होगा।

विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि जब तक सरकार किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं करती, तब तक कांग्रेस का यह आंदोलन जारी रहेगा।

इस यात्रा में 30 ट्रैक्टर और 10 बैलगाड़ियां शामिल थीं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक संजय उईके, विधायक अनुभा मुंजारे, विवेक पटेल और किसान कांग्रेस अध्यक्ष भुरू पटेल सहित कई नेता मौजूद रहे। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी यह यात्रा आंबेडकर चौक पर एक सभा के साथ समाप्त हुई। इसके बाद कांग्रेस ने तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार को किसानों की समस्याओं और समर्थन मूल्य पर धान-गेहूं खरीदने संबंधी ज्ञापन सौंपा।

## पीएम आवास योजना में शासन के करोड़ फंसे, 6 हितग्राहियों पर मामला दर्ज

### राशि लेकर नहीं बनाए मकान, पति-पत्नी दोनों को मिल गया योजना का लाभ, जिम्मेदारों पर मौन सीएमओ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट नगरपालिका में डीजल घोटाले के बाद पीएम आवास योजना में घोटाले का मामला सामने आया है। शासन की 133 हितग्राहियों को पीएम आवास योजना की दी गई एक करोड़ 14 लाख 10 हजार रूपए की राशि फंस गई है। शासन के निर्देश के बाद नगरपालिका ने इन हितग्राहियों के नाम सरेंडर कर दिए और अब नगरपालिका इनसे राशि की वसुली कर रही है।

नगर पालिका ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए दी गई राशि का दुरूपयोग करने के कारण नगरीय क्षेत्र बालाघाट के 06 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना कोतवाली बालाघाट में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें खास बात यह है कि जिम्मेदारों ने बिना पड़ताल कर, पति-पत्नी को योजना का लाभ दे दिया। वार्ड नं. 09 लोहार गली के सुरेश सहारे और उसकी पत्नी सुनीता सहारे, दोनो को इस योजना का लाभ दिया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी.डी. कतरोलिया ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का आवास बनाने में उपयोग न कर अन्य कार्यों में उपयोग करने और गबन करने के मामले में कार्यवाही जारी है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका की सख्ती के बाद हितग्राही राशि वापस कर रहे है लेकिन, इन हितग्राहियों को बिना आवास बनाए, पीएम आवास की किश्ते देने वाले जिम्मेदारो पर क्या कार्यवाही हो रही है, यह नगरपालिका सीएमओ नहीं बता रहे है।

#### इनके खिलाफ मामला दर्ज, पति-पत्नी को दिया योजना का लाभ

शासन की महत्वकांक्षी पीएम आवास योजना में आवास ना बनाकर राशि का दुरूपयोग करने के मामले में जिन 6 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उनमें वार्ड नं. 29 के सिकंदर सिंग जूनी पिता भगत सिंग जूनी, वार्ड क्रं. 31 सरेखा बालाघाट के केशरी कावरे पिता जग्गों कावरे, वार्ड नं. 14 बुढ़ी के अजय गौरे पिता आनंद गौरे, वार्ड नं. 32 की शारदा पति लक्ष्मण शेंद्रे, वार्ड नं. 09 लोहार गली के सुरेश सहारे और उसकी पत्नी सुनीता सहारे के विरूद्ध एफआईआर की है।

### 7 लोगों पर अवैध रेत खनन का दर्ज किया गया प्रकरण
## गायखुरी में नदी से अवैध रेत खनन पर खनिज विभाग ने की छापामार कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग के अमले ने 16 अक्टूबर को छापामार कार्यवाही करते हुए गायखुरी-बालाघाट में वैनगंगा नदी में रेत का अवैध खनन करते पाये जाने पर 07 लोगों के विरूद्ध खनिज अधिनियम के अंतर्गत अवैध रेत खनन का प्रकरण दर्ज किया है।

खनिज निरीक्षक श्री सुरेश कुमार कुलस्ते ने बताया कि गायखुरी वैनगंगा नदी में रेत का अवैध रूप से खनन करते पाये जाने पर ग्राम जागपुर के अनिल पिता अजीलाल, गोंगलई के भैयालाल पिता मेहतर मसराम, मांझापुर के अजय पिता पवन, वारासिवनी के गंगाराम पिता शिवराम भूरे, छतेरा के कपिल पिता कमल सिंह सर्राटे, गायखुरी के प्रशांत पिता राधेश्याम लिल्हारे एवं ग्राम डोंगरिया के उषाराम पिता भाऊलाल वल्के के विरूद्ध खनिज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। रेत के अवैध खनन में लिप्त पाये गये इन सभी 07 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।



## जिले के किसान नरवाई न जलाएं : नरवाई का उपयोग खाद एवं भूसा बनाने में करें

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने जिले के किसानों से अपील की है कि धान की कटाई के बाद कृषक फसल के शेष बचे हुये अवशेषों को आग लगाकर नष्ट ना करें। नरवाई में आग लगाने से भूमि की उर्वरकता नष्ट होती है। साथ ही अग्नि दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। जबकि यदि फसल अवशेषों को जलाने की बजाये उन्हें भूमि में वापस मिला दिया जाये तो मृदा में कार्बनिक प्रदार्थ एवं पोषक तत्वों में वृद्धि होगी जिससे मृदा के भौतिक गुण में सुधार होता है।

उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि मृदा स्वास्थ्य पर्यावरण एवं फसल उत्पादकता को दृष्टिगत रखते हुये फसल अवशेषों को जलाने की बजाये भूमि में मिला देने से मृदा को बहुत लाभ होता है। फसल अवशेषों से प्राप्त कार्बनिक पदार्थ भूमि में जाकर मृदा पर्यावरण में सुधार कर सुक्ष्मजीवी अभिक्रियाओं को उत्प्रेरित करता है, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। खरीफ फसलों की कटाई के बाद खेतों में बचे हुए अवशेषों के प्रबंधन एवं रबी फसलों गेहूं, चना, सरसों की सीधी बोनी सुपर सीडर/ हैप्पी सीडर से बोनी करते हुए किसान समय एवं लागत की बचत कर अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही जिरोटिल सीडड्रिल, रोटावेटर, रीपर कम्बाईंडर, बेलर, मल्चर आदि यंत्रों का उपयोग नरवाई प्रबधंन में किया जा सकता है, जिससे नरवाई जलाने की आवश्यकता नही रहती है।

नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री मृणाल मीना द्वारा धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंडनीय होगा।

## एस बीआई कियोस्क सिजोरा के स्थान पर गढ़ी में हो रहा संचालन
### कियोस्क संचालक की मनमानी से ग्रामीणजन परेशान




**हरिभूमि न्यूज गढ़ी।** एसबीआई कियोस्क सेंटर सिजोरा में संचालित होना था जो कि वर्तमान में संचालक खेमराज बंधाया की मनमानी से गढ़ी में संचालित हो रहा है। जिससे ग्रामीणजन परेशान है । गढ़ी में खेमराज बंधाया अपनी मनमानी करते हुए कियोस्क सेंटर का संचालन कर रहा है बता दे कि कियोस्क सिजोरा में संचालन होना था लेकिन गढ़ी में संचालित हो रहा है इसमें सिजोरा से गढ़ी की दूरी लगभग 7 से 10 किलोमीटर की दूरी है जिससे सिजोरा के किसान और वृद्धा पेंशन वाले वृद्ध लोग लाडली बहना का पैसा निकालने सुबह से शाम हो जाती है इस तरह की कई परेशानीयो का सामना करना पड़ता है और संचालक अपनी मनमानी कर रहा है सरकार की योजनाओं की धज्जियां उड़ाते हुए अपनी दुकानदारी चला रहा है ।

### खाद्य सामग्री बेचने वाले प्रतिष्ठानों से एकत्र किये नमूने
## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मलाजखंड, बिरसा, मोहगांव, किरनापुर में की छापामार कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच कर खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भोपाल भेजे जा रहे है। इसी कड़ी में 15 एवं 16 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मलाजखंड, बिरसा, मोहगांव एवं किरनापुर में छापामार कार्यवाही कर खाद्य सामग्री के नमूने लिये है और स्वच्छता का पालन नही करने वाले प्रतिष्ठानों को सुधार नोटिस जारी किये गए है।

सीएमएचओ डॉक्टर परेश उपलप के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री योगेश डोंगरे, वाजिद मोहिब एवं श्रीमती गीता तांडेकर की टीम ने मलाजखंड स्थित मुकुंद होटल की जांच की गई एवं सलोनी तथा काजू कतली के नमूने जांच के लिये एकत्र किये। बस स्टैंड मलाजखंड स्थित शिवम होटल से मगज के लड्डू, नमकीन सेव के नमूने लिए गए। अशोका होटल की जांच के दौरान गंदगी पाए जाने पर सुधान नोटिस दिया गया एवं बूंदी के लड्डू तथा खोवा का नमूना लिये गए। बिरसा स्थित जयसवाल होटल की जांच के दौरान गंदगी पाए जाने पर सुधार सूचना नोटिस दिया गया तथा पेड़ा, मिक्स मसाला एवं खोवा के नमूने एकत्र किये गए। मेन रोड बिरसा स्थित रत्नेश राजस्थान स्वीट्स की जांच के दौरान पेठा, कलाकंद एवं दही के नमूने लिए गए।

पौनी स्थित चौधरी डेरी के निरीक्षण के दौरान उसका लाइसेंस उचित कटेगरी का नहीं होने से तत्काल दुकान बंद कराई गई और दुकान बंद करने के पूर्व दही एवं पनीर के नमूने लिए गए। मोहगांव स्थित रत्नेश स्वीट्स की जांच करते हुए मलाई बर्फी रसगुल्ला एवं नमकीन के नमूने लिए गए। वहीं अंकित जलपान गृह मोहगांव से यूज़ कुकिंग ऑयल, पनीर एवं सेव के नमूने लिए गए तथा किचन की साफ सफाई एवं रखरखाव खराब होने से उसे नोटिस जारी किया गया।



### अमानत में खयानत मामले में हो रही है गिरफ्तारी
## गैंबलर लाला को पुलिस ने दबोचा!



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कोतवाली पुलिस ने मालखाने से जब्त नकदी और जेवर निकालने के मामले में गिरफ्तार प्रधान आरक्षक से पूछताछ के बाद सिवनी के विकास श्रीवास्तव उर्फ लाला को गिरफ्तार किया है। आरोपी लाला सिवनी में जुआ खिलाता है और प्रधान आरक्षक पंद्रे उसके पास करीब 13 लाख रुपए जुए में हार गया था।

पुलिस ने विकास श्रीवास्तव उर्फ लाला को गुरुवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में बालाघाट के दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है, जो राजीव पंद्रे के साथ जुआ खेलने जाते थे। हालांकि, पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

डीएसपी प्रतिष्ठा राठौर ने सिवनी के लाला उर्फ विकास श्रीवास्तव की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस ने उससे कितनी रकम बरामद की है, यह नहीं बताया गया है, लेकिन एक नई कार जब्त करने की बात कही जा रही है। जांच आगे बढ़ने पर सिवनी, गोंदिया और अर्जुनी (महाराष्ट्र) के अन्य जुआरियों को भी आरोपी बनाया जा सकता है।

कोतवाली थाना के मालखाना प्रभारी राजीव पंद्रे मई 2004 से अलग-अलग समय पर मालखाने से कई अपराधों में जमा नकदी और जेवर चुरा रहा था। प्रधान आरक्षक पंद्रे ने 2023 से 2025 के बीच लगभग 33 अपराधों से जब्त नकदी और जेवरों पर हाथ साफ किया था।

## पेंशनर्स को बड़ी राहतः शासन ने बढ़ाई मंहगाई राहत, 1 सितंबर 2025 से लागू होंगी नई दरें

### छठवें वेतनमान में 252 प्रतिशत और सातवें वेतनमान में 55 प्रतिशत मंहगाई राहत, अक्टूबर में मिलेगा बढ़ा हुआ लाभ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश के लाखों पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स के लिए अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली के पहले बड़ी राहत दी है। उनकी घोषणा के अनुसार राज्य शासन के वित्त विभाग ने 08 मई 2025 के परिपत्र के आधार पर पेंशनर्स को मंहगाई राहत (Dearness Relief) की दरों में 01 सितंबर 2025 से वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इस बढ़ी राहत दर के हुए लाभ का भुगतान माह अक्टूबर 2025 की पेंशन में किया जाएगा।

वित्त विभाग के आदेश के अनुसार छठवें वेतनमान में पेंशन प्राप्त करने वालों को मंहगाई राहत की दर 246 प्रतिशत से बढ़ाकर 252 प्रतिशत कर दी गई है, जबकि सातवें वेतनमान के पेंशनर्स को यह राहत 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत कर दी गई है। यानी दोनों वेतनमानों के तहत पेंशन पाने वालों को अब और अधिक राहत मिलेगी। विशेष रूप से 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले पेंशनर्स को मिलने वाली अतिरिक्त पेंशन पर भी संशोधित मंहगाई राहत देय होगी। इस निर्णय के अंतर्गत अधिवार्षिकी, सेवानिवृत्त, असमर्थता तथा क्षतिपूर्ति पेंशन के सभी श्रेणियों के पेंशनर्स को यह राहत प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त अनुकंपा भत्ता प्राप्त कर रहे पेंशनर्स और परिवार पेंशन लेने वालों को भी मंहगाई राहत का लाभ मिलेगा, बशर्ते वे शासन के नियमानुसार पात्र हों। वित्त विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सारांशीकृत (commuted) पेंशन लेने वाले पेंशनर्स को राहत उनकी मूल पेंशन (commutation से पहले की राशि) पर ही दी जाएगी। साथ ही वे पेंशनर्स जिन्होंने उपक्रमों, स्वशासी संस्थाओं, मंडलों या निगमों में सेवा देने के बाद वित्त विभाग के नियमों के तहत एकमुश्त राशि प्राप्त की थी, वे भी इस संशोधित मंहगाई राहत के पात्र होंगे। राज्य शासन ने समस्त पेंशन वितरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मध्यप्रदेश कोषालय संहिता 2020 के प्रावधानों के अनुरूप समय पर और सही भुगतान सुनिश्चित करे। साथ ही पेंशन निदेशक को बैंक शाखाओं में नमूना जांच करने और किसी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर उसका समाधान आगामी माह के भुगतान में करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## डाईट के सेवानिवृत्त प्राचार्य ने रेडक्रास में दी 1 लाख 1 हजार 1 रुपये की राशि
### कलेक्टर श्री मीना को सौंपा सहायता राशि का चेक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट के सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री नरोत्तम दास शर्मा ने जिला रेडक्रास सोसायटी में 01 लाख 01 हजार 01 रुपये की राशि का दान किया है। उन्होंने कलेक्टर श्री मृणाल मीना को इस राशि का चेक सौंपा। कलेक्टर श्री मीना ने सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री शर्मा को इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि उनके इस प्रयास से अन्य लोगों को भी रेडक्रास सोसायटी में दान करने की प्रेरणा मिलेगी। सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री शर्मा द्वारा हर वर्ष रेडक्रास सोसायटी को जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए राशि दान की जाती है। पीड़ित मानवता की सेवा के लिए उनका यह कार्य सभी के लिए अनुकरणीय है।

## जिले के किसानों से अपीलः प्रोत्साहन राशि के लिए समितियों से करे संपर्क

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी. जोशी ने जानकारी बताया कि वर्ष 2024-25 धान उपार्जन अंतर्गत जिले के अधिकांश किसानों के खातों में प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है। ऐसे किसान जिनके खाते कॉपरेटिव बैंक में नही है और दूसरे बैंको में संचालित है, जिनके द्वारा धान का विक्रय किया गया है, उनके खातो में प्रोत्साहन राशि अप्राप्त है जिसकी सूची शाखा स्तर पर दी गई है। किसानों से अपील की गई है कि पात्र किसान जिनके खातो में प्रोत्साहन राशि अप्राप्त है वे निकटवर्ती जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा, समितियों या धान उपार्जन केन्द्र में संपर्क करे ताकि प्रोत्साहन राशि किसानों को प्राप्त हो सके।

### एसडीएम और थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी
## गरीब किसान पुत्र के घर बिजली काटने पर ग्रामीणों का हंगामा
### ग्रामवासियों ने बिजली विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पथरगांव में रहने वाले गरीब किसान पुत्र पवन पटले के घर बिजली कटने का मामला सामने आया है। पटले के अनुसार, बिजली विभाग ने बिना किसी नोटिस या कारण बताए उनके घर की बिजली आपूर्ति काट दी है। वहीं बिजली विभाग के कार्यालय में पहुंचे ग्रामीणों ने कार्यालय बंद कर जमकर हंगामा किया और तुरंत ही पवन पटले के घर की विद्युत बहाली की मांग की। ग्रामीणों ने कहा पवन पटले जो एक कृषक परिवार है और समाज के पिछड़े वर्ग से संबंध रखते हैं, तथा दिन रात अपनी खेती बाड़ी करते हुए अपने क्षेत्र के गरीब और ग्रामीण छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करते हैं। उनके इस कार्य की सराहना पूरे क्षेत्र में की जा रही है। उनका यह कार्य समाज के लिये प्रेरणास्त्रोत है क्योंकि वे बिना किसी स्वार्थ या शुल्क के ग्रामीण युवाओं को पढ़ा लिखाकर आगे बढने में योगदान दे रहे हैं। इस दौरान पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाईश देने का प्रयास किया गया।

**बिजली विभाग पर मनमानी का लगाया आरोपः** ग्रामीणों के अनुसार, बिजली विभाग की मनमानी के चलते पवन पटले के घर की बिजली आपूर्ति काट दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारी उनकी गरीबी और सामाजिक कार्य का फ ायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामवासियों ने पवन पटले के घर की विद्युत आपूर्ति शीघ्र शुरू नहीं किये जाने पर बिजली विभाग का घेराव करने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि यदि पटले के घर की बिजली आपूर्ति जल्द बहाल नहीं की गई तो वे बिजली विभाग का घेराव करेंगे और आक्रोशित हड़ताल करेंगे। ग्रामवासियों ने एसडीएम और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।




**बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से शुरू की कोचिंगः** उक्त मामले के संबंध में पाथरगांव निवासी पवन पटले ने बताया की विद्युत विभाग द्वारा जबरन मुझे परेशान करने का कार्य किया जा रहा है जिसके कारण वह मानसिक तौर पर खासे परेशान हो चुके है। मेरे द्वारा पिछले पांच वर्षो से लांजी नगर में कोचिंग पढ़ाने का कार्य किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देना है, चूंकि मैं भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा हूं और वर्तमान में बेरोजगार हूं इसलिये मेरे द्वारा अपने साथ-साथ ग्राम के बच्चों को भी निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है इसलिये मेरे द्वारा लांजी नगर में कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। वहीं मेरे ग्रह ग्राम पाथरगांव में कोचिंग से संबंधित एक फ्लेक्स बोर्ड और मेरा निजी लैपटॉप है जिसके आधार पर विद्युत विभाग की उडऩदस्ता टीम द्वारा गलत कार्यवाही करते हुए पंचनामा बनाया गया है। जिसके विरोध में आज ग्रामीणों के साथ विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचे हैं।

**उडऩदस्ता टीम द्वारा की गई थी कार्यवाहीः** इस संबंध में विद्युत विभाग लांजी के कनिष्ठ अभियंता ललित मार्को ने बताया की विगत वर्ष 8 अगस्त 2024 को उडऩदस्ता की टीम बालाघाट द्वारा पवन पटले के घर पर कोचिंग चलाने की शिकायत मिलने पर पंचनामा की कार्यवाही की थी जिस पर विभाग द्वारा 22 हजार की राशि की बिलिंग पवन दुलीचंद पटले पर की गई थी जिसका भुगतान इनके द्वारा अब तक नहीं किया गया है। जिसके बाद विभाग द्वारा 13 अक्टूबर को इनके निवास की विद्युत आपूर्ति बंद की गई है। जिसके विरोध में आज पवन पटले द्वारा ग्रामीणों का सहयोग लेकर विद्युत कार्यालय में आकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके संबंध में हमारे द्वारा विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी गई है जिनसे आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।